# भारतीय नौसेना अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर (एमआर) - 01/2027 और 02/2027 बैच के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

WWW.JOININDIANNAVY.GOV.IN

**COMBAT READY COHESIVE AATMANIRBHAR – SAFEGUARDING SEAS FOR A VIKSIT SAMRIDDHA BHARAT**

## पात्रता शर्तें

**1.** अविवाहित पुरुष एवं अविवाहित महिला अभ्यर्थियों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों) से अग्निवीर (एमआर) 01/2027 तथा 02/2027 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड तथा सामान्य नियम एवं शर्तें नीचे वर्णित हैं। पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए ट्रेड-वार रिक्तियों का वितरण सेवा की आवश्यकता के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

**2. शैक्षणिक योग्यता:** अभ्यर्थी को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षा बोर्ड से कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंकों के साथ मैट्रिक (दसवीं) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**नोट:** शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। ऐसे अभ्यर्थियों का चयन तभी किया जाएगा जब वे भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों के दौरान मूल अंकपत्र प्रस्तुत करेंगे (अंकपत्र की इंटरनेट प्रति स्वीकार्य नहीं होगी)। साथ ही, ऐसे अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के लिए निर्धारित कुल तथा व्यक्तिगत विषयों में न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**3. आयु मानदंड:**

**3.1 अग्निवीर 01/2027 बैच:** अभ्यर्थी का जन्म 01 दिसंबर 2004 से 31 मई 2009 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए।

**3.2 अग्निवीर 02/2027 बैच:** अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2005 से 31 अक्टूबर 2009 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए।

**ध्यान दें:**- 01 दिसंबर 2004 से 31 अक्टूबर 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी INET 2026 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। आगे, अभ्यर्थी ऊपर दर्शाए गए आयु मानदंड के अनुसार संबंधित बैच की चरण-II भर्ती प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे।

**4. वैवाहिक स्थिति:** केवल अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी ही भारतीय नौसेना में अग्निवीर के रूप में नामांकन के पात्र हैं। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को 'अविवाहित' होने का प्रमाणपत्र देना होगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में चार वर्ष की पूरी सेवा अवधि के दौरान विवाह करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अभ्यर्थी सेवा अवधि के दौरान विवाह करता/करती है या अविवाहित होने का प्रमाणपत्र देने के बावजूद पहले से विवाहित पाया जाता/जाती है, तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## नियम एवं शर्तें

**5. सेवा अवधि:** अग्निवीरों का नामांकन भारतीय नौसेना अधिनियम 1957 के अंतर्गत चार वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। "अग्निवीर एक विशिष्ट रैंक होंगे, जो वर्तमान किसी भी अन्य रैंक से अलग होंगे तथा भारतीय नौसेना में सबसे कनिष्ठ रैंक माने जाएंगे।" भारतीय नौसेना चार वर्ष की सेवा अवधि के बाद अग्निवीरों को बनाए रखने के लिए बाध्य नहीं है।

**6. अवकाश:** अग्निवीरों को प्रति वर्ष 30 दिन का अवकाश मिलेगा। इसके अतिरिक्त, सक्षम चिकित्सीय प्राधिकारी की सलाह के आधार पर चिकित्सकीय अवकाश भी दिया जाएगा।

**7. वेतन, भत्ते एवं अन्य लाभ:** अग्निवीरों को ₹30,000 प्रति माह का पैकेज दिया जाएगा, जिसमें प्रतिवर्ष निश्चित वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, जोखिम एवं कठिनाई भत्ता, वर्दी तथा यात्रा भत्ता भी दिया जाएगा।

**8. सेवा निधि:** अग्निवीरों को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर एकमुश्त "सेवा निधि" पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनकी मासिक अंशदान राशि तथा सरकार द्वारा समान अंशदान शामिल होगा, जैसा नीचे दर्शाया गया है:

| साल | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70 %) | अग्निवीर कॉर्पस फ़ंड में योगदान (30%) | सरकार द्वारा कॉर्पस फ़ंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| | सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | |
| पहला वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| दूसरा वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |
| तीसरा वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 10950 |
| चौथा वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| **कुल अग्निवीर कॉर्पस** | | | **5.02 लाख** | **5.02 लाख** |

**नोट. अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन संबंधी लाभों का हकदार नहीं होगा।**

9. **जीवन बीमा**. अग्निवीर को सेवा के दौरान 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा।

10. **मृत्यु मुआवजा**. रुपये 48 लाख के जीवन बीमा के अतिरिक्त अग्निवीर की सेवा करते हुये मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर के वारिश को प्रदान की जाएगी।

11. **विकलांगता मुआवजा**. 100/75/50 प्रतिशत विकलांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर को प्रदान की जाएगी।

**ध्यान दें:** मृत्यु/ विकलांगता मुआवजा के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारतीय नौसेना की आधिकारिक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** देखें।

12. **नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकन**. चार साल की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संगठन की आवश्यकताओं और भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित नीतियों के आधार पर अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन आवेदनों पर अग्निवीरों की चार साल की नियुक्ति अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर आवेदनों पर केन्द्रीकृत तरीके से विचार किया जाएगा और नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में आगे की पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक विशिष्ट बैच के अग्निवीरों में से 25% तक को ही नौसनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकित किया जाएगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना के रेगुलर कैडर में नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। रेगुलर कैडर में नामांकन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

13. **नौसेना पेंशन विनियम/ ग्रेच्युटी**. अग्निवीर नौसेना पेंशन विनियमों/नियमों (समय समय पर संशोधित) के प्रावधानों में शामिल नहीं होंगे इसके अतिरिक्त अग्निवीर नियुक्ति की अवधि के लिए ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।

14. **स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति**. अग्निवीरों को सेवा अवधि पूरी होने से पहले स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ अपवादात्मक मामलों में, इस योजना के तहत नामांकित अग्निवीरों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा स्वीकृत किए जाने पर सेवा से बाहर किया जा सकता है।

15. **भूतपूर्व सैनिक दर्जा**. अग्निवीर भूतपूर्व सैनिक दर्जे के पात्र नहीं होंगे।

16. **चिकित्सा और सी एस डी सुविधाएं**. अग्निवीर, नियुक्ति अवधि के दौरान सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ सी एस डी प्रावधानों के भी हकदार होंगे।

## चयन प्रक्रिया

17. चयन प्रक्रिया। प्रथम चरण की आईएनईटी 2026 परीक्षा मई 26 को आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण की आईएनईटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, उम्मीदवारों को अग्निवीर (एमआर) 01/2027 और 02/2027 के द्वितीय चरण के लिए अलग-अलग चयनित किया जाएगा। भर्ती की संभावित समयसीमा इस प्रकार है: -

| भर्ती गतिविधियाँ | संभावित समय सीमा |
|---|---|
| **स्टेज I - INET 2026** | |
| अग्निवीर चरण **I (INET)** के लिए आवेदन विंडो **01/2027** और **02/2027** | 14 Mar – 06 Apr 26 |
| सुधार विंडो | 10 – 11 Apr 26 |
| चरण **I –** आईनेट | May 26 |
| चरण I – INET के परिणाम की घोषणा | May 26 |
| चरण II - अग्निवीर 01/2027 | |
| चयन प्रक्रिया और आमंत्रण पत्र जारी करना | Sep 26 |
| अग्निवीर 01/2027 के लिए चरण II | Oct 26 |
| अग्निवीर 01/2027 के लिए चिल्का में प्रेरण | Dec 26 |
| चरण II - अग्निवीर 02/2027 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Feb 27 |
| अग्निवीर 02/2027 के लिए चरण II | Mar 27 |
| अग्निवीर 02/2027 के लिए चिल्का में प्रेरण | May 27 |

**ध्यान दें**: उपर्युक्त तिथियां अस्थायी हैं और प्रत्येक गतिविधि की सटीक तिथियां उम्मीदवार पंजीकरण पोर्टल पर घोषित की जाएंगी।

### प्रथम चरण (आई एन ई टी - भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा)

18. **भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा**

18.1 प्रश्न पत्र कंप्यूटर आधारित होगा और इसमें कुल 50 प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

18.2 प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार का (बहुविकल्पीय) होगा।

18.3 प्रश्न पत्र में दो खंड होंगे, अर्थात् विज्ञान और गणित तथा सामान्य ज्ञान।

18.4 प्रश्न पत्र का स्तर 10वीं कक्षा के स्तर का होगा। परीक्षा का पाठ्यक्रम और नमूना प्रश्न पत्र वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

18.5 परीक्षा की अवधि 30 मिनट होगी।

18.6 उम्मीदवारों को सभी खंडों के साथ-साथ कुल अंकों में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। भारतीय नौसेना प्रत्येक खंड और कुल अंकों में उत्तीर्ण होने के लिए निर्धारित अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

18.7 गलत उत्तर के लिए दंड। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि गलत उत्तरों के लिए दंड (नकारात्मक अंकन) होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का एक चौथाई (0.25) अंक दंड के रूप में काट लिया जाएगा।

18.8 आईनेट (ऑनलाइन परीक्षा) के लिए केंद्र आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर निर्भर करेगा।

18.9 भारतीय नौसेना के पास आईनेट परीक्षा के अप्राप्य परिस्थितियों में और/या सेवा की आवश्यकता के अनुसार, अर्हता परीक्षा (12वीं/10वीं बोर्ड परीक्षा) में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग करने का अधिकार सुरक्षित है।

19. **परीक्षा शुल्क**. परीक्षा शुल्क रु. 550/- (केवल पांच सौ पचास रुपये) और 18% जी एस टी का भुगतान उम्मीदवार को चरण I - INET आवेदन के दौरान ऑनलाइन मोड के माध्यम से नेट बैंकिंग का उपयोग करके या वीज़ा / मास्टर / रूपे क्रेडिट / डेबिट कार्ड / यू पी आई का उपयोग करके करना होगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होंने सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है।

**ध्यान दें**:-1. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जाएगा।

2. एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी और ऐसे मामलों में परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

3. यदि आपने परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और आपके खाते से बिना बुलावा पत्र जारी हुये पैसे काट लिए गए हैं (यानि असफल भुगतान), तो कृपया अपने खाते में पैसे की स्वचालित वापसी के लिए 7 कार्य दिवस तक प्रतीक्षा कीजिये।

4. शुल्क केवल चरण I-INET आवेदन के दौरान लिया जाएगा। स्टेज II प्रक्रिया के लिए कोई अलग शुल्क नहीं होगा।

### द्वितीय चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा)

20. **स्टेज I – INET परिणाम**. चरण I - INET 2026 (उत्तीर्ण/असफल) के परिणाम उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के साथ उम्मीदवार के ऑनलाइन डैशबोर्ड **https://joinindiannavy.gov.in** पर अपलोड किए जाएंगे।

21. **शॉर्टलिस्टिंग**. अग्निवीर (एमआर) 01/2027 और 02/2027 बैच (ऊपर पैरा 3 में उल्लिखित आयु मानदंड के अनुसार) के चरण II प्रक्रिया के पात्र उम्मीदवारों को चरण I – आई.एन.ई.टी 2026 में प्राप्त अंकों के आधार पर संबंधित बैच के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्टिंग राज्यवार की जाएगी। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट-ऑफ अंक अलग-अलग राज्यों में भिन्न हो सकते हैं क्योंकि रिक्तियों को राज्य-वार तरीके से आवंटित किया गया है।

**ध्यान दें:- ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शोर्ट्लिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचें हैं) को प्रथिमिकता दी जाएगी।**

22. **स्पॉन्सर उम्मीदवार और एन सी सी "सी" प्रमाण पत्र धारक**. स्पॉन्सर उम्मीदवारों और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को चरण I आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने मूल प्रमाणपत्र अपलोड करने की आवश्यकता होगी। स्पॉन्सर प्रमाणपत्रों का सत्यापन CABS के माध्यम से किया जाएगा और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्रों का सत्यापन डीजी एन सी सी के माध्यम से किया जाएगा। **सत्यापित उम्मीदवारों को स्टेज I - INET परीक्षा से छूट दी जाएगी और उन्हें INET परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इन उम्मीदवारों को पात्रता के आधार पर चरण II भर्ती प्रक्रिया के लिए सीधे कॉल-अप जारी किया जाएगा।** इसके अलावा, मूल स्पॉन्सर /एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र को भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सत्यापित किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण के दौरान कोई विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**ध्यान दें: - आवेदन प्रक्रिया के दौरान प्रोविज़नल प्रमाण पत्र या कोई अन्य अनधिकृत दस्तावेज जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

23. **शारीरिक मापदंड**. चयन के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पी एफ टी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार अपने जोखिम पर पी एफ टी में सम्मिलित होंगे। शारीरिक दक्षता मानक इस प्रकार हैं :-

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | उठक बैठक | पुश अप | शिट-अप (घुटने मोड़कर) |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 6 मिनट 30 सेकेंड | 20 | 15 | 15 |
| माहिला | 8 मिनट | 15 | 10 | 10 |

**सलाह**:-खेल, तेराकी और पाठ्येतर गतिविधियों में प्रावीणता वांछनीय है।

24. **चरण II - लिखित परीक्षा.** चरण II की लिखित परीक्षा केवल उन उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी जो पीएफटी में उत्तीर्ण होंगे। चरण II लिखित परीक्षा का विवरण इस प्रकार है: -

24.1 प्रश्न पत्र में 01 अंक के 50 प्रश्न होंगे।

24.2 प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) होगा।

24.3 प्रश्न-पत्र में दो खंड होंगे अर्थात विज्ञान और गणित एवं सामान्य जागरूकता।

24.4 प्रश्न-पत्र 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और नमूना पत्र वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

24.5 परीक्षा की अवधि 30 मिनट होगी।

24.6 सभी उम्मीदवारों को सभी अनुभागों के साथ-साथ कुल मिलाकर भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **भारतीय नौसेना प्रत्येक अनुभाग और कुल मिलाकर उत्तीर्ण अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**

24.7 द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए केंद्र आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर निर्भर करेगा।

25. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा.** शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का भर्ती चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। भर्ती चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चयन सूची के लिए योग्य माना जाएगा। **वे उम्मीदवार जो भर्ती चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाये जाते है, यदि वे चाहें तो अधिकतम 05 दिनों के भीतर भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित सैन्य अस्पताल में इसके निष्कर्षों की समीक्षा के लिए अपील कर सकते हैं। नामित सैन्य अस्पतालों (भारतीय नौसेना द्वारा आंवटित) के अलावा अन्य अस्पतालों द्वारा जारी चिकित्सा दक्षता प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

26. **प्रोविज़नल चयन सूची**. प्रोविज़नल चयन सूची दूसरे चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, बशर्ते उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। अग्निवीर (एम आर) – पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए चयन सूची पुरे देश के आधार पर बनाई जाएगी। परिणाम वैबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** में उम्मीदवार के डेशबोर्ड पर जारी किए जाएंगे।

**ध्यान दे:-** 1. अग्निवीर (एम आर) 01/2027 और 02/2027 के लिए चरण II प्रकिया और प्रोविज़नल चयन सूची अलग अलग होगी। जो अभ्यर्थी किसी एक बैच मे चयनित नहीं हुए है वे किसी अग्रिम बैच मे चयन के लिए स्वचालित रूप से दावा नहीं कर सकते हैं।

2. ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शोर्टलिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचें हैं) को प्राथमिकता दी जाएगी।

27. **अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा.** सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा भा.नौ.पो. चिल्का में आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए उम्मीदवार को अंतिम चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अंतिम भर्ती चिकित्सा में उत्तीर्ण ना होने वाले उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

28. **चिकित्सा मानक**.

28.1 वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के लिए निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डाक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

28.2 **लिंग**. यदि किसी भी उम्मीदवार में शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के लक्षण पाये जाते हैं, तो उसे अयोग्य घोषित करके उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे किसी भी उम्मीदवार, जिसने लिंग-पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई हो, को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

28.3 **गर्भावस्था**. यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पायी जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या चार साल के कार्यकाल के समापन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए। यदि उम्मीदवार चार साल के कार्यकाल के दौरान गर्भवती पायी जाती है तो बर्खास्तगी/ निस्कासन के लिए उपयुक्त कारवाई की जाएगी

28.4 **न्यूनतम लम्बाई मानक. न्यूनतम लम्बाई पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 से.मी. है।**

28.5 **टैटू**. स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर की तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर की तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।

28.6 उम्मीदवार अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होना चाहिए और ऐसी किसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त होना चाहिए जिससे, शांति और युद्ध दोनों समय में तट पर तथा समुद्र मे कर्तव्य के सफल निष्पादन पर हस्तक्षेप करती हो।

**नोट:-** 1. **अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों की वैक्स और दाँतो से टार्टर साफ करके आयें।**

2. विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए **लम्बाई में छूट** संबंधित नियम वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

29. **दृष्टि मानक.**

| असंशोधित दृष्टि | सही दृष्टि | रंग धारणा |
|---|---|---|
| 6/12, 6/12 | 6/6, 6/6 | CP PASS |

**प्रशिक्षण**

30. **प्रशिक्षण**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण अस्थाई रुप से 01/2027 बैच के लिए दिसंबर 2026 और 02/27 बैच के लिए मई 2027 में भा.नौ.पो. चिल्का, उड़ीशा में प्रारम्भ होगा।

31. **अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना**. अग्निवीरों को प्रशिक्षण और सर्विस के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन/ कार्य करने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

**सामान्य**

32. आवेदन केवल वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर ऑनलाइन भरे जाएंगे और सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल रूप में) को स्कैन करके अपलोड करना होगा। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी: -

32.1 भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा (INET) के लिए उम्मीदवारों को तीन शहरों को प्राथमिकता देनी होगी। प्रशासनिक कारणों को देखते हुए उम्मीदवारों को कोई अन्य स्थान आवंटित किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा चयनित या भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित किए जाने के बाद केंद्र की पसंद को बदला नहीं जा सकता है

32.2 स्टेज I - INET 2026 के लिए कॉल अप लेटर कम एडमिट कार्ड, ऑनलाइन परीक्षा से लगभग एक सप्ताह पहले वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in से डाउनलोड करना होगा। कोई कॉल-अप लेटर सह एडमिट कार्ड डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

32.3 उम्मीदवारों से संपर्क करते समय संचार के केवल एलेक्ट्रोनिक माध्यम का उपयोग किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण में डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ नहीं भेजा जाएगा।

32.4 आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये सत्यापित दस्तावेज़ (मूल प्रमाण-पत्र, अंक पत्र, निवास प्रमाण- पत्र, एन सी सी प्रमाणपत्र (अगर है तो)) की मूल प्रतियाँ परीक्षा के हर चरण मे साथ लाने की जरूरत होगी | भर्ती के हर चरण में जैसे कि विभिन्न केन्द्रो पर लिखित परीक्षा/ पी एफ टी और भर्ती चिकित्सा परीक्षा और भा.नौ.पो. चिल्का में भर्ती के समय सभी दस्तावेजों को सत्यापित किया जायेगा। **यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण, भर्ती के किसी भी स्तर पर मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।**

32.5 **चेतावनी: अधिवास प्रमाण-पत्र/ लिंग और अन्य विवरण गलत घोषित करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

32.6 यदि उम्मीदवार कॉल लेटर में उल्लिखित तिथि और समय पर रिपोर्ट करने में विफल रहते है तो उम्मीदवार का चयन रद्द कर दिया जाएगा और भारतीय नौसेना में नामांकन के लिए उसका कोई दावा नहीं होगा। **चरण I - INET के लिए रिपोर्टिंग समय के 30 मिनट बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

32.7 किसी एक बैच से संबंधित उम्मीदवार का चयन केवल उसी बैच के लिए मान्य है। योग्य उम्मीदवार जिनका नाम मेरिट सूची में नहीं है, वे अगले बैच के लिए प्रवेश का दावा नहीं कर सकते।

32.8 सभी चयनित उम्मीदवारों को आई एन एस चिल्का में सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन भरते समय जमा किए गए स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि ऑनलाइन आवेदन के दौरान दिए गए विवरण आई एन एस चिल्का में प्रस्तुत मूल प्रमाणपत्रों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

32.9 सभी चयनित उम्मीदवारों को आईएनएस चिल्का में भर्ती के लिए कॉल-अप लेटर के साथ पुलिस सत्यापन फॉर्म और अन्य संबंधित फॉर्म डाउनलोड करने होंगे। उम्मीदवारों को अपने संबंधित क्षेत्राधिकार के पुलिस अधीक्षक से पुलिस सत्यापन फॉर्म / ऑनलाइन पुलिस सत्यापन फॉर्म पर अपने पूर्ववृत्त को सत्यापित करने के बाद इसे आई एन एस चिल्का में जमा करना होगा। उम्मीदवारों के पास निवास स्थान या निवास स्थान से पुलिस सत्यापन फॉर्म होना चाहिए। **सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और प्रतिकूल टिप्पणियों वाली रिपोर्ट के बिना उम्मीदवार नामांकन के लिए पात्र नहीं होंगे।** पुलिस सत्यापन फॉर्म का प्रारूप वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

32.10 संबंधित बैच के लिए भर्ती चक्र पूरा होने के छह महीने की अवधि के बाद इस भर्ती/नामांकन के संबंध में किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करे**

33. **अग्निवीर (एम आर) 01/2027 और 02/2027 बैच के लिए चरण I - INET 2026 के लिए उम्मीदवार 14 मार्च (00:01 बजे) से 06 अप्रैल 2026 (17:00 बजे) तक केवल वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। किसी भी स्तर पर पहचाने गए उम्मीदवारों द्वारा जानकारी की गलत घोषणा के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आवेदन देश भर के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से अपलोड किया जा सकता है, शुल्क 60 रुपये + जी एस टी। यह सुविधा पूरी तरह से वैकल्पिक है।**

34. **फोटोग्राफ**.

34.1 पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटोग्राफ (मार्च 26 से पहले नहीं लिया गया हो) 10 के बी से 50 के बी साइज़ तक तथा बिना सर ढके (सिखों के अतिरिक्त) हल्की प्रष्ट भूमि में सामने का चित्र होना चाहिए। उम्मीदवार को अपने सीने के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर उम्मीदवार का पूरा नाम औए फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफ़ेद चाक से लिखी होनी चाहिए। अपलोड की गयी फोटोग्राफ की तुलना में उम्मीदवार की उपस्थिती में परिवर्तन जैसे कि बढ़ती हुई दाढ़ी, सर पर टोपी आदि होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

34.2 आवेदन पत्र भरने के दौरान वेबकैम के माध्यम से लाइव फोटो खींची जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की वे आवेदन पत्र भरते समय अच्छी गुणवत्ता वाले फ़ोटो खींचे। जो फ़ोटो स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देंगे जैसे कि धुंधले, काली छाया इत्यादि दिखाई देगी तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

35. **आवश्यक सूचना**.

35.1 परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणो की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।

35.2 उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

35.3 किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है।

35.4 ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का चयन का निर्णय सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

35.5 उम्मीदवारों को कई आवेदन करने से बचना होगा, यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

35.6 भर्ती के प्रत्येक स्तर में प्रवेश के लिए या उम्मीदवार की योग्यता के लिए भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।

35.7 **अधिवास प्रमाण-पत्र संबन्धित गलत सूचना देने पर, भर्ती के किसी भी चरण में, प्रशिक्षण और उसके बाद भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

35.8 **आवेदन प्रक्रिया के दौरान जमा किए गए विवरणों में सुधार के लिए उम्मीदवारों को आवेदन विंडो बंद होने के बाद 02 दिनों की विंडो प्रदान की जाएगी। INET परीक्षा के बाद 02 दिनों की अवधि के लिए एक अतिरिक्त सुधार विंडो सक्रिय की जाएगी। इसके बाद किसी भी सुधार/संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

35.9 आवेदन प्रक्रिया के दौरान एन सी सी प्रमाण पत्रों और तस्वीरों सहित दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नकली दस्तावेज या गलत विवरण घोषित करने वाले उम्मीदवार अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होंगे।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 06 APR 2026 (17:00 HRS)**

**चेतावनी**

**दलालों/ धोखेबाजों/ असामाजिक तत्वों से सावधान**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इसी बहाने वो पैसा भी वसूल सकता है। **हम यह दावे के साथ कहना चाहेंगे कि ऐसा कुछ भी संभव नहीं है। दलालों के किसी भी तरह से उत्पीड़न करने पर एफआईआर दायर करें और पुलिस से संपर्क करें।** सभी आवेदको को नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा कॉल-अप-लेटर और प्रवेश-पत्र जारी किये जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक स्वस्थता जांच और डॉक्टरी जांच नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा नामित की गई विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा की जाती है। किसी दलाल के झांसे में आने से पहले अच्छी तरह सोंचे। यदि आप सोचते है कि गैर-कानूनी ढंग से काम करायें जा सकते है तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक की तरह आचरण करें और अनुचित साधनों का प्रयोग करने से बचे। **नौसेना में भर्ती पर्णत: न्यायपर्ण है।**

**अस्वीकरण**

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा-निर्देश है और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी संसोधित आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते है, चयनित उम्मीदवार पर लागू होंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें।

जनशक्ति नियोजन एवं भर्ती निदेशालय
नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली